हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

18 मार्च, 1981

खंड 1 अंक 8

अधिकृत विवरण

विशय सूची

बुधवार 18 मार्च 1981

पृश्ठ संख्या

तारांकित प्र न एवं उत्तर	(8)1
नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्र नों के लिखित उत्तर	(8)34
अतारांकित प्र न एवं उत्तर	(8)38
अध्यक्ष द्वारा घोशणा	
श्री हीरानन्द आर्य एम.एल.ए. की रिहाई सम्बन्धी	(8)45
वि ोशाधिकार प्र न	
डा0 मंगल सैन, एम.एल.ए. को धमकी देने सम्बन्धी	(8)45
11–3–1981 को चौधरी जगजीत सिंह पोहलू एम.एल.ए. के निलम्बन सम्बन्धी निर्णय को रद्द करना।	(8)48
वाक आउट	(8)58
वर्श 1981–82 के बजट पर सामान्य चर्चा	(8)58

हरियाणा विधान सभा

बुधवार 18 मार्च, 1981

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर–1, चण्डीगढ़, में. प्रातः 9.30 बजे हुई। अध्यक्ष (कर्नल राव राम सिंह) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्र न एवं उत्तर

श्री अध्यक्ष: मैंबर साहेबान, अब सवाल होंगे।

Digging of Ratuali Link Drain

***1939. Shri Gulzar Singh:** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state whether it is a fact that digging work on a portion of Ratuali Link drain in Rajound Constituency of District Jind is still incomplete ; if so, the time by which it is likely to be completed?

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (सरदार तारा सिंह): रिटोली लिंक ड्रेन का कार्य पम्प हाउस सहित पूर्ण कर दिया था परन्तु बाद में जमीदारों ने पांच सौ फुट की लम्बाई तक भर दिया। भूमि अभिग्रहण की कार्यवाही करने के प चात ड्रेन को 30–6–1981 तक पूर्ण कर देने की आ ा है।

श्री गुलजार सिंहः मंत्री महोदय ने अपने जवाब में कहा है कि ड्रेन की खुदाई करने के बाद जमींदारों ने 500 फुट लम्बाई तक उस ड्रेन को भर दिया। अध्यक्ष महोदय, पिछली एक तारीख को मैं रिटोली गांव में गया था और वहां के बहुत सारे आदमियों को इकट्ठा किया जिन्होनं कहा कि यह ड्रेन खुदी ही नहीं। वहां पर ड्रेन खोदे जाने के संबंध में पहले भी कई बार मैं अफसरान से मिल चुका हूं। कया मंत्री महोदय यह आ वासन देगें कि जून तक यानि बाढ आने से पहले पहले उसे खोद दिया जायेगा?

सरदार तारा सिंहः स्पीकर साहब, यह 3 मील लम्बी ड्रेन थी और सारी बन गई थी । बात दरअसल यह रही कि हमारे महकमें के अफसरान ने उस ड्रेन को लैण्ड ऐक्वायर करने से पहले ही निकाल दिया था लेकिन किसी कारण उस जमीन के पैसे नहीं दिये जा सके। इसलिये वहां के आदमियों ने गुस्से में आ कर 500 फुट के टुकडे को मिट्टी से भर दिया था। अब हम उस 500 फुट के टुकडे को जून से पहले पहले मुकम्मल करवा देगे।

Mr. Speaker: But the point which I see is slightly different. वह तो खुद कहते है कि वहां के जमीदार कहते है कि ड्रेन खुदी ही नहीं है। अगर ड्रेन खुदी ही नहीं और उसके पैसे क्लेम हो चुके है तो I request the Government to look into this matter.

Sardar Tara Singh: Sir, that is not the position. जैसा मैने कहा है कि उस जमीन का पैसा देने से पहले ही वह

ड्रेन खोद दी गई थी। एल0ए0ओ0 की कार्यवाही के ाकरण वह पेमेंट हम ठीक समय पर नहीं कर पाये थे। हम उस टुकड़े को 30 जून से पहले पहले खोद देगें। बरसात का पानी निकालने के लिये हमने वहां पर रेगूलेटर लगा रखे है। वहां से पानी पिछले साल भी निकाला था और अब भी निकलता रहेगा।

चौधरी हर स्वरूप बूराः क्या मंत्री महोदय बतायेगें कि जो जमीन ऐक्वायर की जाती है उसका कम्पनसे ान मार्किट वैल्यू के हिसाब से देते है या उससे कम देते है? यदि कम देते है तो कितना फर्क हेाता है?

सरदार तारा सिंहः मार्किट वैल्यू नहीं देतेह। पांच सल की औसत के हिसाब से हम ऐक्वायर की गई जमीन के पैसे देते है।

चौधरी हर स्वरूप बूराः क्या मंत्री जी बतायेगें कि नजदीक की जमीन की जिस रेट के हिसाब से रजिस्टरी करवाई जाती है क्या उसको मार्किट वैल्यू कहते है?

सरदार तारा सिंहः उस बारे में लैंड ऐक्वीजि ान ऐक्ट में लियर दिया हुआ है।

श्री मूल चनद मंगलाः अभी मंत्री महोदय ने अपने जवाब में कहा है कि ड्रेन खोद दी गई थी। यह अफसरान की गलती है कि उस जमीन के पैसे नहीं दिये गये जिसकी बजह से लागों ने उस 500 फुट के टुकडे को मिट्टी से भर दिया। मैं मंत्री महोदय

से जानना चाहूंगा कि ड्रेन खोदने पर जो हजारों रूपया खर्च हुआ है उसकी जिम्मेवारी किस पर है?

सरदार तारा सिंहः मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि हमारे अफसरों ने जल्दी मे ंवह ड्रेन खुदवा दी। जल्दी इसलिये की गई थी कि बारि ा के दिनों में वहां पर पानी न रूके और फसल ठीक समय पर बोई जा सके। यह सारा काम जनता के हित के लिये किया गया था। मैं यह मानता हूं कि ठीक समय पर लोगों को पैसा न मिलने की वजह से ही यह सब कुछ हुआ हैं अब उस पर ज्यादा खर्चे वाली बात नहीं है। हम उसको जल्दी ही पूरा करवा देगें ओर पैसा भी दे देगें।

चौधरी उदय सिंह दलालः अध्यक्ष महोदय, कई ड्रेनें ऐसी है जिन पर आने जाने का कोई रास्ता नहीं है। छुड़ानी ड्रेन पर 5–6 ऐसे गांव लगते है जिन तक आने–जाने के लिये कोई पुल नहीं है। इसके लिये मैने महकमे को भी पत्र लिखा है और सरदारसाहब को भी लिखा हैं वहां के लोगों को 8–8 मील का चक्कर लगा कर अपने खेतों मे ंआना–जाना पड़ता है। कन्सोलिडे ान के समय वहां पर रास्ते छोडे गये थे लेकिन अब ड्रेनें बन गई हैं मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या वहां पर कोई रास्ते या पुल वगैरा बना दिये जायेगें जिससे लेागों को दिक्कत न हो?

सरदार तारा सिंहः अध्यक्ष महोदय, इनकी कोई चिटठी मुझे नहीं मिली। ये मुझ से अलग से मिल लें मैं इनकी दिक्कत को दूर करने की कोि ा ा करूंगा।

श्री फतेह चन्द विजः मंत्री महोदय ने बताया है कि पहले ड्रेन जमीन ऐक्वायर किये बगैर खोद दी गई । साथ में यह भी कहा गया कि उस का पैसा भी नहीं दिया गया। मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि इनमें से कौन सी बात ठीक है?

सरदार तारा सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं इसको गलती नहीं समझता। मैं पहले ही कह चुका हूं कि लोगों की भलाई के लिये ही यह सारा काम किया गया था। अगर यह काम जल्दी से नहीं किया जाता तो लेाग अपनी फसल नहीं बो सकते थे। हम किसी वजह से उनकी पेमैंट नहीं कर सके लेकिन अब हम उस ड्रेन की ऐक्विजी ान प्रोसीडिगंज 30 जून से पहले पहले मुकम्मल करवा देगें।

राव बंसी सिंहः जिला हिसार के अन्दर जो नहर निकाली गई है उस नहर के निकालने पर जिन लोगों की जमीन ऐक्वायर हुई थी उनको उसका कम्पनसे ान बारानी जमीन के हिसाब से दिया जा रहा है, जिसकी कीमत 12 आने दिखाई गई है। दूसरी तरफ सरकार यह कहती है कि वहां पर 15 साल से नहर निकली हुई है और उस नरहर से सिंचाई हो रही हैं इसलिये

मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि क्या उन किसानों को इरीगेटिड जमीनके हिसाब से मुआवजा दिया जायेगा?

सरदार तारा सिंहः मैं इसकी इंकवायरी करवा लूंगा और माननीय सदस्य भी मुझ से बात कर लें।

Satta in the State

***2060. Chaudhri Sant Kanwar:** Will the Minister for Home be pleased to state-

(a) the steps, if any, taken to check Satta in the State; and

(b) the district-wise number of persons who are known to be running satta in the State togetherwith the number cut of them who were arrested on account of anti-satta raids conducted against them during the year 1979?

Home Minister(Shri Kanhiya Lal Poswal):

(a) Haryana Police arranged raids, from time to time on open and secret information, on the known satta gamblers and those suspected to have been carrying on these anti-social activities.

(b) During the year 1979, 515 persons were arrested on information that they were indulging in satta gambling at various places. District-wise break-up of these arrests is as under:

Sr. No.	**Distt.**	**No. of Persons known for satta**

		and arrested during 1979.
1	Rohtak	71
2	Hissar	50
3	Bhiwani	34
4	Sirsa	44
5	Gurgoan	11
6	Jind	35
7	Sonepat	10
8	Narnaul	8
9	Karnal	39
10	Faridabad	23
11	Ambala	151
12	Kurukshetra	39
Total		**515**

चौधरी संत कवंरः मंत्री महोदय ने बताया है कि वर्श 1979 में सट्टेबाजी का कार्य करने वाले 515 आदमियों को गिरफतार किया गया है। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि इनके अलावा ऐसे कितने केस अनट्रेस्ड है ओर कितने केसों में मुकदमा चलाया गया है?

श्री कन्हैया लाल पोसवालः अध्यक्ष महोदय, 534 केसिज रजिस्टर हुये थे। इन मे से 143 में सजा हुई है। 64 केसिज अदालत से बरी हुये है। एक केस कैन्सल हुआ और 4 केसिज अनट्रेस्ड है तथा 322 केसिज कोर्टस पैंडिगं है।

डा0 मंगल सैनः मंत्री महोदय ने आने सवाल के जवाब में सट्टा खेलने वालों की सूची दी है। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगें कि जिला जीन्द के अन्दर जो फारवर्ड ट्रेडिंग का सट्टा होता है और जिसकी जानकारी आप को भी है, कभी इन्होने उस पर रेड किया है?

(इस समय स्थानीय भाासन मंत्री, श्री मांगे राम गुप्ता उत्तर देने के लिये खडे हुये)

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब ये कैसे जवाब दे सकते है क्योकि यह सवाल पोसवाल साहब से संबंध रखता है। (विघन)

Mr. Speaker: Order please. Any Minister can reply to any question on behalf of the Government.

स्थानीय भाासन मंत्री (श्री मांगें राम गुप्ता): स्पीकर साहब, डाक्टर साहब ने जीन्द के सट्टे के बारे में जिक्र किया है। स्पीकर महोदय, वहां पर जो सट्टा उनके हिसाब से चलता है, वह जीन्द हनुमान ट्रेडिंग कम्पनी के नाम से चलता है, जो कम्पनीज ऐक्ट के तहत रजिस्टर्ड है। उस कम्पनी का फार्वर्ड ट्रेडिंग का बबिजैनस चलता हैं।(विघन) यह आज से नहीं है। सन् 1956 से

जितनी भी सरकारें आयी, हर सरकार के समय में यह बिजनैस चलता रहा है। यह बिजनैस बन्द नहीं हुआ। यह बात अलग है कि समय–समय पर गवर्नमेंट के पास उनके खिलाफ कम्पलेन्टस आयी और उनके उपनर रेडज भी किये गये और केस भी रजिस्टर हुये। (विघन)स्पीकर महोदय, मैं आपके द्वारा डाक्टर साहब की जानकारी के लिये यह बता देना चाहता हूं कि उनके खिलाफ कई बार केस रजिस्टर हुये है। सरकार हाई कोर्ट में हारी है और अब सुप्रीम कोर्ट में सरकार की तरफ से जो अपील की गयी है उसी की 23 मार्च को पे ाी लगी हुई है। स्पीकर महोदय, अगर आप मुझे क्वै चन अवर के बाद थोडा सा टाईम दे दे ंतो मैं डाक्टर साहब को बताउंगा कि जब लोक दल की यहां पर सरकार थी, चौधरी देवी लाल की सरकार ने इस कम्पनी से कितना पैसा दबाव डालकर ऐंठा और ऐंठनें की कोि ा ा की?

चौधरी उदय सिंह दलालः स्पीकर साहब, पिस्तौल औरकारें लेकर ये उनकी तरफ से जबाव देने लग रहे है। (ाोर व व्यवधान)

Mr. Speaker: Please sit down. This is question hour and I would request both the sides to only confine their Supplementaries to asking of questions and giving replies there to. Further explanations and all these things should be avoided.

चौधरी संत कंवरः स्पीकर साहब, चौधरी देवी लाल जी के बारे में उनहोने जो कुछ कहा है, वह ऐक्सपंज होना चाहिये। (ाोर व व्यवधान)

श्री अध्यक्षः अभी मंत्री महोदय ने यह बताया है कि वहां पर फार्वर्ड ट्रेडिग होती है। जहां तक मेरी इन्फमें ान है, forward trading is illegal if this is in the notice of the Government, it should take action against it.

श्री कन्हैया लाल पोसवालः सर, ऐसा ऐसोसिए ान बनाकर हो सकता है लेकिन उसके बारे में भी यह दिया हुआ है कि कौन–कौन सी ट्रेड में हो सकता है , कैसे–कैसे और कहां–कंहा हो सकता है और उसकी क्या पैनलटीज है, उसके लिये बाकायदा एक्ट बना हुआ है, उसके तहत यह हो सकता है।

श्री सुरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, अभी मंत्री महोदय ने यह फरमाया है कि फार्वर्ड ट्रैडिंग कम्पनी के नाम से कोई कम्पनी कम्पनीज ऐक्ट के तहत रजिस्टर्ड है.....

श्री अध्यक्षः हनुमान ट्रैडिंग कम्पनी के नाम है, फार्वर्ड ट्रैडिंग कम्पनी के नाम से नहीं।

श्री सुरेन्द्र सिंहः मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि यह जो कम्पनी सट्टा करवाती है और आम आदमी जो सट्टा खेलते हुये पकडे गये है, इनके सट्टे में और उनके सट्टे में क्या फर्क है और क्या ये सारे आदमी भी इस तरह की

ऐसोसिए ान हनुमान ट्रैडिंग कम्पनी के नाम की तरह बनाकर खेल सकते है?

श्री कन्हैया लाल पोसवालः एक तो हमारा गैम्बलिंग ऐक्अ है जिसके तहत मटका सट्टा वगैरह आता है। दूसराऐक्ट है फार्वर्ड कान्टेक्टस रेगुले ान ऐक्ट, 1952। उसके तहत ऐसा बिजनैस हो सकता है।

श्री देवी दासः स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने 515 आदमी पकडे हुये बताये है। मैं इनसे यह जानना चाहता हूं कि हरियाणा मे एक ही किस्म का सट्टा चलता है या अलग–2 किस्म का सट्टा चलता है और उसका क्या तरीका है? जो सोनीपत में 10 आदमी पकडे गये है, उकने नाम क्या'–क्या है और ये कब से सट्टा खिला रहे थे?

श्री अध्यक्षः किस–किस का सट्टा हेाता है यह तो आप मंत्री जी से अलग से पूछ लें। सारे साहेबान को इसकी अगर जानकारी हो जाये तो हानि भी हो सकती है। (हंसी व भाोर)

श्री देवी दासः स्पीकर साहब, मेरा प्र न पूरा नहीं हूआ है। सोनीपत के अन्दर जो 10 आदमी पकड़े गये है, उनके नाम क्या–क्या है और वे कब से वहां पर सट्टा खिला रहे थे?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मैने अभी बताया कानूनन हम उनको बन्द नहीं करसकते क्योकि उनके पास बाकायदा लाइसैंस हैं लेकिन एक चीज को,

जैसे मैने पहले भी कहा है, मैं मानता हूं कि वह सरसों का नाम लिखकर दूसरी कमोडिटीज का भी ट्रेड करते है जो कि गलत है। हमने बम्बई लिखा हुआ है, कि ऐसी कम्पनीज के बारे में वे हमें साफ तौर पर बतायें कि वे क्या–क्या काम कर सकती है। ज्यों ही हमारे पास उनका जवाब आ जाएगा हम फौरन कार्यवाही करेगें।

श्री फतेह चन्द विजः क्या मंत्री महोदय यह बतायेगें कि यह जो महावीर ट्रेडिंग कम्पनी बनी हुई है इसने किस–किस चीज के लाइसैंस प्राप्त किये हुये है?

Mr. Speaker: It is not relevant.

श्री जय नारायण वर्माः स्पीकर साहब, यहां पर स्थानीय निकाय के मंत्री महोदय ने जवाब देते हुये यह कहा कि वह फार्वर्ड ट्रेडिंग कम्पनी है और वह कम्पनीज ऐक्ट के तहत रजिस्टर्ड है। मैं आपकी मार्फत मंत्री/मुख्यमंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि क्या उन्होने किसी एम.एल.ए. को कार तो भेंट नहीं की, उसी कम्पनी ने किसी मंत्री को अढाई या तीन लाख रूपये की थैली तो भेंट नहीं की, अगर यह ठीक है तो क्या यह सब सरकार को प्रभावित करने का तरीका नहीं है?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, यह बिल्कुल बेसलैस और बेबुनियाद बात हैं किसी भी मंत्री को कोई कार भेट नहीं की गई ओर न ही किसी मंत्री को कोई थैली भेंट की गइ थी। डा0 मंगल सैन ने गवर्नर एड्रैस पर बोलते हुये भी यह

इल्जाम लगाया था और उस वक्त भी मैने इसका जवाब दिया था। इस किस्म की बात जिसमें कोई तथ्य न हो, माननीय सदस्यों को नहीं करनी चाहियेह।

कामरेड भांकर लालः स्पीकर सवहब, दो किस्म के सट्टे चलते है। एक सट्टा तो मटके का होता है जिसमें एक से सौ तक हरफ होते है।

श्री अध्यक्षः सट्टे के बारे में तो काफी जानकारी मिल चुकी है, आप सवाल पूछिये।

कामरेड भांकर लालः स्पीकर साहब, दूसरा सट्टा ट्रेडिंग कम्पनी का हैं क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेगें कि हरियाणा के भाहरों के अन्दर कितने सट्टे के लाइसैंस होल्डर है जो एक, दो–तीन ट्रेडिंग कम्पनी की बोली देकर सट्टा कराते है। और ये लाइसैंस होल्डर कौन–कौन से भाहरों के अन्दर है?

श्री अध्यक्षः सट्टे का कोई लाइसैंस नहीं है।

श्री बीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, अभी मंत्री जी ने बताया है कि बम्बई की किसी कम्पनी से लाइसैंस मिला हुआ है (व्यवधान), गवर्नमैंट आफ इंडिया से मिला हुआ है और इसलिये उनको ऐसे लोगों को प्रोसिक्यूट करने में दिक्कत आ रही है। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेगें कि क्या उस ऐक्ट को अमैंन्ड करने के लिये गवर्नमेंट आफ इंडिया को लिखेगें?

श्री अध्यक्षः इसके बारे में पहले ही बता दिया गया है कि बम्बई वालों को लिखा गया है।

श्री बीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, इन्होनें तो कम्पनी को लिखा है। मैं तो गवर्नमेंट आफ इंडिया को लिख्ने की बात कर रहा हूं जिसने लाइसैंस दिया है।

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, सदन के सभी सदस्य इस मामले में काफी ऐजिटेटिड है और रूलिंग पार्टी के प्रधान ने भी यह बात कही हैं क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेगें कि जब तक बम्बई से कोई आदे ा आये तब तक गरीबों को इस लूट से बचाने के लिये वे कोई कार्यवाही करेगें?

Mr. Speaker: This has already been answered.

Cost Price of Liquied Glucose

***1953. Chaudhri HarSwarup Bura:** Will the Minister for health be pleased to state whether arrangements for the manufacture and bottling of liquid glucose exist in the hospitals of the State; is so, the cost price per bottle of glucose so manufactured and the price at which such a bottle is a available in the open market?

Health & Toruism Minister (Chaudhri Gajraj Bahadur Nagar): Yes, arrangements for the manufacture and bottling of Liquied Glucose exist at the following General Hospitals of State-

(i) Ambala

(ii) Karnal,

(iii) Gjurgaon and

(iv) Narnaul.

Approximate cost price per bottle of Glucose so manufactured at State Hospitals varies from Rs. 2.00 to Rs. 5/- per bottle whereas market price varies from Rs. 7/- to Rs. 9/-per bottle.

चौधरी हर स्वरूप बूराः अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने बताया है कि बोटल्ज की कीमत दोरूपये से लेकर पांच रूपये तक हैं । क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेगें कि कौन सी जगह दो रूपये की बोतल है ओर कौन सी जगह पांच रूपये की बोतल है और यह डिफरैंस किस वजह से है?

चौधरी गजराज बहादुर नागरः स्पीकर साहब, मैं डिटेल में बतादेता हूं। जनरल अस्पताल गुड़गावं के अन्दर नई बोतल तथा उसके साज सामान की जो कौस्ट आती है वह मैं बतादेता हूं। 2.70 रूपये सामग्री का खर्चा, बिजली का खर्चा, 1.00 रूपया निर्माण कार्य खर्चा, जिसमें वेतन तथा उपकरण का खर्चा भाामिल नहीं है 0.50 रूपये। यह कौस्ट पड़ती है 4.20 रूपये।

नारनौल में ग्लूकोस पाउडर की कीमत 1.25 रूपये ,बिजली का खर्चा 0.50 रूपये, बोटल रबर कैप तथा अन्य सामग्री की कीमत 0.50 रूपये, लेबर का खर्चा 1.80 रूपये , प्लान्ट की

मुरम्मत तथा पुरजों की तबदीली आदि का खर्चा 0.75 रूपये। जोड बनता है, 4.80 रूपये।

अम्बाला के अनदर दो तरह का ग्लूकोस हैं जिसमें पांच फीसदी ग्लूकोस है वह दो रूपये की बोतल है और जिसमें पच्चीस फीसदी ग्लूकोस है उसकी कौस्ट पांच रूपये आती है। इसकी वजह से फर्क रहता है।

श्री सुरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने चार अस्पतालों के नाम लिये है जहां पर ग्लूकोस तैयार किया जाता है। स्पीकर साहब, भिवानी अस्पताल के अनदर करीब दो–तीन साल से ग्लूकोस बनाने का प्लांट लगा हुआ है लेकिन वहां पर स्टाफ नहीं हैं क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेगें कि वहां पर कितने दिन में स्टाफ चला जायेगा और क्या वहां पर जल्दी से जल्दी कोई काम भुरू करवाने की कृपा करेगें?

चौधरी गजराज बहादुर नागरः अध्यक्ष महोदय, हम जो ग्लूकोस बनाते है वह इस नाते से बनाते है कि अस्पतालों में जो गरीब लेागा आते है उनकी सहायता हो सके। माकिर्ट के लिये नहीं बनाते है। अगर हमारे पास कुछ सरप्लस हो जाता है तो अड़ौस–पड़ौस के अस्पतालों मे ंसप्लाई कर देते हैं हम केवल चार केन्द्रों में ग्लूकोस बना रहे है और मैं सदन को बताना चाहता हूं कि यह भी हम सरकारी लाइसैंस के तहत नहीं बना रहे है। हम

तो केवल गरीबों की सहायता के लिये ग्लूकोस बना रहे है ताकि गरीब लोगों को सस्ता ग्लूकोस मिल सके।

श्री अध्यक्षः आनरेबल मैंबर का सवाल यह था कि भिवानी अस्पताल में जब ग्लेकोस प्लांट लगा हुआ है तो भिवानी अस्पताल की रिक्वायरमैंट के लिये ग्लूकोस का प्रोडक्शन वहीं शुरू क्यों नहीं कर रहे है?

चौधरी गजराज बहादुर नागरः स्पीकर साहब, भिवानी वाली बात मेरे नोटिस में नहीं है। मैं इसको ऐग्जामिन करा लूंगा।

सरदार सुखदेव सिंहः स्पीकर साहब, इंग्लिश दवाइयों केइतने जयादा रेट चार्ज किये जाते है कि गरीब आदमी उनको खरीद नहीं सकता। स्पीकर साहब, केवल दवाइयेां की ही बात नहीं हे ग्लुकोस की भी इतनी कीमत चार्ज की जाती है कि आप सुनकर हैरान होगें। यही नहीं दवाइयां भी नकली और बनावटी बेची जाती है। क्या मंत्री महोदय, रेट के बारे में तथा दवाइयों के जैनविन होने के बारे में दुकानों पर कोई चैकिंग करवायेगें?

चौधरी गजराज बहादुर नागरः स्पीकर साहब, बकायदा तौर पर मार्किट के अन्दर कैमिस्टस की दुकानों की और डीलर्ज जो लाइसैंस होल्डर्ज है, की बकायदा चेंकिग होती है और रेट्स के बारे में चैंकिग की जाती है। नकली दवाइयों के बारे मे अगर कहीं से कोई शिकयात आती है तो वहां पर बकायदा रेड की जाती है और उनको पकड कर सजा भी देते है।

चौधरी संत कवंरः स्पीकर साहब, हमारे प्रदे ा में सबसे बडा अस्पताल मैंडिकल कालिज रोहतक है। वहां पर सबसे ज्यादा मरीज आते है लेकिन वहां पर ग्लूकोस बनाने का प्लांट नहीं है। वहां पर लोगों को इतनी दिक्कत आती है कि 15–15 रूपये में ग्लुकोस की बोतल खरीदनी पडती है। क्या मंत्री महोदय, वहां पर ग्लूकोस प्लांट लगाने के बारे में विचार करेगें या पंजाब में जिस तरह से सरकार ग्लूकोस बनाने की चार फैक्टरी लगा रही है उसी तरह से हमारे प्रदेश में भी ग्लूकोस फैक्टरी लगाने के बारे में सरकार विचार करेगी?

चौधरी गजराज बहादुर नागरः स्पीकर साहब कोई फैक्टरी लगाने की प्रोपोजल तो सरकार के विचारधीन नहीं हैं जहां तक रोहतक मैडिकल कालिज में ग्लूकोस प्लाटं का सवाल है, अभी तक इस किस्म की कोइ बात हमारे नोटिस में नहीं लाई गई थी। अब चौधरी संत कवंर ने यह बात मेरे नोटिस में लाई हैं मैं इसको देखूगां। अगर वहां पर ग्लूकोस प्लांट लगाना जरूर होगा तो सरकार वहां पर जरूर प्लाट लगायेगी।

(10.00 बजे) श्री अध्यक्षः आपने नारनौल, अम्बाल, करनाल और गुड़गांव वगैरह के अस्पतालों में तो ग्लूकोस की मैनुफैक्चरिंग और बेांटलिग का इन्तजाम कर दिया है लेकिन I am surprised that your staff did not suggest to set up a gucose manufacturing plant at Roahtak earlier which is the most essential place from this point of view.

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय अपने यह बिल्कुल ठीक कहा है कि मैडिकल कालजेज रोहतक, जो इस प्रान्त का सबसे बडा हस्पताल है, उसमें जरूर इस किस्म का प्लांट लगना चाहिये ।हम कोि ा ा करेगें कि वहां पर इस जैसा प्लांट लगा दें। दूसरी बात जो कि श्री सुरेन्द्र सिंह जी ने पूछी कि भिवानी में प्लांट तो लगा हुआ है लेकिन वह चालू नहीं हुआ है। उसके क्या कारण है , स्पीकर साहब, मुझे इस बात की जानकारी नहीं है। मैं इस बारे में पता करवा लुंगा। अगर वह प्लांट लगा हुआ है और चालू नहीं हुआ है तो हम कोि ा ा करेगें कि अगले साल वह चालू हो जाये।

श्री बलदेव तायलः अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने अपने जवाब में यह बताया है कि हस्पतालों द्वारा निर्मित किये गये ग्लूकोस की प्रति बोतल की कीमत लगभग 2 रूपये से 5 रूपये तक है जबकि मार्किट में प्रति बोतल की कीमत 7 रूपये और 9 रूपये हैं। अध्यक्ष महोदय, आप अन्दाजा लगाायें कि दो ंरूपये की बोतल के पीछे इन्हे 300 परसैन्ट और 5 रूपये की बोतल पीछे 100 परसैंट मुनाफा है। क्या इस मुनाफ ` को देखते हुये सरकार ग्लूकोस की कीमत निर्धारित करेगी ताकि गरीब आदमियों को सही दाम पर ग्लूकोस अवेलेबल हो सके।

चौधरी गजराज बहादुर नागरः स्पीकर साहब, तायल साहब को मैं यह बताना चाहता हूं कि केवल गरीब आदमियों की सहूलियत के लिय ही ऐसा किया गया है। हम तो गरीब आदमियो

के लिये ग्लूकोस की मेनुफैक्चरिंग करते है ताकि वे लोग जयादा से ज्यादा फायदा उठा सकें। (ाोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker: The question reiased by Shri Baldev Tayal is very important and I would request the Hon. Minister to give full attention to this question.

डा0 बृज मोहन गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, अभी मुख्य मंत्री महेादय ने रोहतक मैडिकल कालेज मे यह प्लांट खोलने के बारे मे ओर भिवानी में इस तरह का प्लांट चालू करवाने के लिये आ वासन दिया है कि वहां पर इस तरह का प्लांट चालू कर देगें। क्या सरकार जो बाकी जगह प्रान्त में इस तरह के प्लांटस से वंचित रह गयी है वहां पर भी इस तरह के प्लाटंस के खोलने का विचार रखती है क्योकिं यह बड़ी लाईफ सेंविग ड्रग है।

Mr. Speaker: Why such an important question has not been taken up for the last three years by the hon. member who is a medical practitioner? आप तो डाक्टर है, आपने पहले इस बारे में गौर क्यों नहीं किया? आपको तो इस तरह का प्लांट यमुनानगर में सबसे पहले खुलवाना चाहिये था।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, यहां पर जो ग्लूकोस की कीमत के बारे में अन्तर की बात आयी है, उस बारे में हम यह कोंि ा ा करेगें कि सारी स्टेट के अन्दर इसक ेएक ही रेट्स हो और इस अन्तर को जल्दी दूर करने की हम कोि ा ा करेगें। दूसरी बात डाक्टर बृज मोहन गुप्ता जी ने कही कि इस

तरह के प्लांटस की सारी स्टैट के अन्दर बडी आव यकता है। जितनी भी आव यकात हमारी स्टेट में होगी, उसके मुताबिक हम 31 मार्च के बाद इस तरह के प्लांटस लगाने की कोि ा ा करेगें। (विघन)

श्री अध्यक्षः मैंबर साहेबान, यह एक बड़ा इम्पोंटैन्ट लाईफ सेविंग ड्रग है और इस बारे में लीडर आफ दी हाउस ने यह अ ाोरेन्स दी है कि इस बारे में पूरी कार्यवाही की जाएगी।

चौधरी हर स्वरूप बूराः अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने अपने जवाब में यह बताया है कि ग्लूकोस की प्रति बोतल कीमत मार्किट में 7 रूपये से लेकर 9 रूपये तक है जबकि हकीकत यह है कि 20 रूपये से कम बोतल मार्किट में नही ंमिलती है। तो क्या वे बतायेगें कि उन्होने किस आधार पर यह 7 रूपये से 9 रूपये प्रति बोतल की कीमत बतायी है?

Mr. Speaker: I think, this question has been thrashed oujt fully, when the Leader of the House has given an assurance, we should drop any further discussion on this question. I am sure, the Government will take full action.

Moral and Spiritual Education

***2145. Shri Mool Chand Jain:** Will the Minister for Education be pleased to state-

(a) Whether there is any proposal under consideration of the Government to introduce moral and

spiritual education in schools and colleges in the state, if so, the details thereof; and

(b) whether any Committee constituted for the purpose as referred to in part (a) above has submitted its report; is so, a copy thereof, if received, be placed on the Table of the House?

Education Minister (Chaudhri Des Raj):

School Level

(a) Yes. A set of books is proposed to be provided to every school and the student encouraged to read the books during a period to be provided in the school time-tabe for this purpose.

College Level

-No.

School Level

(b) Yes. a copy of the report is laid on the Table of the House.

College Level

No committee has been constituted.

समिति की रिपोर्ट

नैतिक ि ाक्षा सम्बन्धी पाठ्यक्रम तैयार करने बारे बैठक 3—2—81 को 2.30 बजे दोपहर निदे ाक, विद्यालय ि ाक्षा,

महोदय की अध्यक्षता में राज्य भौक्षिक अनुसंधान एवं प्र ि ाक्षण परिशद, गुड़गावं में हुई। इस संगोश्ठि मैं निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया। हरियाणा ि ाक्षा बोर्ड के अध्यक्ष श्री आर0डी0 भार्मा जो एक अन्य बैठक के सम्बन्ध में एस0सी0ई0आर0टी0 में उपस्थित थे, उन्हे इस बैठक में भाग लेने के लिये वि ोश रूप से निमंत्रण दिया गयाः–

1. श्री चन्द्रभान निदे ाक, एस0सी0ई0आर0टी0, गुडगांव।

2. श्रीमती पुश्पा अबरोल, उपनिदे ाक, प्रौढ़ ि ाक्षा।

3. श्री एस0एस0 कौ ाल, सहायक निदे ाक ि ाक्षक प्र ि ाक्षण।

4. श्री मदन लाल भार्मा, ि ाक्षा अधिकारी, हरियाणा विद्यालय ि ाक्षा बोर्ड, भिवानी।

5. श्री पि ाोरी लाल, मुख्याध्यापक, बाल निकेतन स्कूल,रिवाड़ी।

6. श्री दीनानाथ बत्रा, मुख्याध्यापक, गीता हाई स्कूल, कुरूक्षेत्र।

7. श्रीमती आर0के0पटनी सम्पादक, एस0सी0ई0आर0टी0, गुड़गांव।

नैतिक ि ाक्षा से सम्बन्धित सिलेबस, कमेटी द्वारा 14.1. 80 की बैठक में तैयार किया गया था। कमेटी के मैंबरों ने यह विचार व्यक्त किया कि इस स्तर पर इस तैयार किये गये सिलेबस को उत्तर प्रदे ा के पाठ्यक्रम से तुलना करने की कोई वि ोश उपयोगिता प्रतीत नहीं होती, क्योकिं उत्तर प्रदे ा के ि ाक्षा विभाग ने जो नैतिक ि ाक्षा से सम्बन्धित पुस्तकें तैयार की थी, उनको उन्होनें ड्राप कर दिया है और पुनः नैतिक ि ाक्षा सम्बन्धी विशय की उन द्वारा समीक्षा की जा रही है।

2. नैतिक ि ाक्षा के विशय को एक अलग विशय बनाने के सम्बन्ध में कमेटी के सदस्यों ने यह विचार व्यक्त किया कि यह विशय एक अलग विशय के रूप में बच्चों को नहीं पढाया जाना चाहिये क्योकि जो विशय बच्चों को ठोस कर पढाया जाता है, उस विशय का प्रभाव बच्चों के चरित्र निर्माण में वि ोश रूप से सहायक नहीं होता। इसलिये यह उचित समझा जाता है कि इस विशय से सम्बन्धित अलग से उत्तम एवं आद र्ा साहित विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाया जाए ओर वे स्वतः अपनी इच्छा से उसका अध्ययन एवं मनन करें। इस उद्दे य के लिये सप्ताह में एक लाईब्रेरी पीरियड नि ि चत करने का भी सुझाव दिया गया।

3. विद्यार्थियों को नैतिक ि ाक्षा से सम्बन्धित उत्तम/आद र्ा साहित्य उपलब्ध करने के लिये एक उप–समिति बनाने का सुझाव दियागया, जिसमें निदे ाक महोदय के सुझावनुसार निम्नलिखित सदस्यों की सिफारि ा की गईः–

1. श्री चन्द्रभान निदे ाक, एस0सी0ई0आर0टी0, गुडगांव।

2. श्री दीनानाथ बत्रा, मुख्याध्यापक, गीता हाई स्कूल, कुरूक्षेत्र।

3. श्री पि ाोरी लाल, मुख्याध्यापक, बाल निकेतन स्कूल,रिवाड़ी।

4. श्री मदन लाल जसपाल सम्पादक (विभागीय प्रतिनिधि)

5. श्रीमती पुश्पा अबरोल, उपनिदे ाक, प्रौढ़ ि ाक्षा–संयोजक।

यह भी सुझाव दिया गया कि यह उप–समिति, जिस उत्तम एवं आद र्ा साहित्य का चयन करे, वह नैतिक ि ाक्षा समिति द्वारा तैयार किये गये पाठ्यक्रम के अनूरूप होना चाहिये और उप–समिति की भीघ्र बैठक बुलाये जाने का भी सुझाव दिया गया।

4. समिति ने यह सिफारि ा की कि अध्यापकों के लिये जो सेवा कालीन प्रि ाक्षण ि ाविर लगाये जाते हैख उनमें भी नपैतिक ि ाक्षा के मूल्यों एवं सिद्धान्तों के बारे में वि ोश जानकारी अध्यापकों को दी जानी चाहिये ताकि ये अध्यापक अपने व्यक्तिगत उदाहरण एवं आद र्ा से बच्चों के चरित्र–निर्माण को

एक सही दि ाा दे सकें। इस बात पर भी बल दिया गया, कि बारी बारी पर अध्यापक/विद्यार्थी प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में भी नैतिक ि ाक्षा से सम्बन्धित किसी मदद पर अव य अपने विचार व्यक्त किया करें। कमेटी ने यह भी निर्णय लिया कि सभी सरकार की गतिविधियों (स्कूल कलैन्डर) की एक सूची भौक्षिक स्तर के आरम्भ से ही सभी विद्यालयों में उपलब्ध करवाई जाऐ।

अन्त में अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद सहित संगोश्ठि सम्पन्न हो गई।

नैतिक ि ाक्षा के मुख्य उद्दे य ये हैः–

1. ऐसे व्यक्गित गुणों का विकास करना है, जिससे उसका भारीर स्वस्थ बनें, मन संयत हो, सु ाील तथा नेक काम से अपनी अजीविका कमा सके।

2. ऐसे गुणों का विकास करना जिससे वह समाज का उपयोगी सदस्य सिद्ध हो सके।

3. राश्ट्रीयता की भावना को उत्पन्न करना जिससे व्यक्ति अपनी सेवा तथा अपनी संस्कृति पर गोरव करते हुये उसके विकास में अपना योगदान दे सके।

4. अध्यात्मिक गुणों का विकास करना ताकि उसमें प्राणी मात्र के प्रति समभाव जागृत हो सके।

5. अन्ध वि वास का उन्मूलन।

उपरोक्त उद्दे य की प्राप्ति के लिये निम्नलिखित गुणों का विकास करनाः—

क्रम संख्या	गुण का नाम
1.	सत्य
2.	नम्रता
3.	प्रसन्नता
4.	पुरूशार्थ
5.	समय पालन
6.	भातृभाव
7.	संतोश
8.	सेवा
9.	ि ाश्टाचार
10.	स्वच्छता
11.	सहयोग
12.	दया

13.	सत्संग
14.	स्वास्थ्य
15.	स्वास्थ्य
16.	दे ाभक्ति
17.	सादगी
18.	साहस
19.	सहन ीलता
20.	संयम
21.	न्यायनिश्ठा
22.	कर्त्तव्य पालन
23.	उत्तरदायित्व
24.	त्याग
25.	ईमानदारी
26.	आत्म वि वास
27.	अनु ासन

28.	आ ाावदिता
29.	आत्मचिन्तन
30.	मितव्यता
31.	ई वर वि वास
32.	क्षमा
33.	संतुलन
34.	विवके
35.	परोपकार
36.	दृढ़ संकल्प
37.	मृदुभाशी
38.	एकाग्रचितता
39.	अहिंसा
40.	समय का सदुपयोग
41.	श्रम निश्ठा
42.	पारस्परिक

	अनुकूलता
43.	आत्म सम्मान

समिति द्वारा की गई सिफारि ें।

1. प्राथमिक कक्षाओं के बालकों को अपने स्कूल समय के साढ़े चार घंटे मे से एक घंटा प्रतिदिन कीड़ा या अन्य किसी मनोरंजन किया पर खर्च किया जाये।

2. अध्यापको के चरित्र तथा व्यवहार संबंधी नियमावली तैयार की जाये।

3. प्रत्येक विद्यालय में दीवारों आदि पर लिखने हेतू आद र्ा वाक्य बनाकर विभाग की ओर से विद्यार्थियों को दिये जायें।

4. प्रार्थना के प चात पहली घंटी में पढाई आरम्भ होने से पूर्व विद्यार्थी एक मिनट के लिये मौन रह कर अपने अपने आरध्य से मन ही मन प्रार्थना करें कि उनका दिन कल्याणकारी हो।

5. विद्यालय के प्रांगण की स्वच्छता तथा सजावट का ध्यान रखा जाये।

6. आठवीं के विद्यार्थियों को उनकी वार्शिक परीक्षा के बाद बालचर कियाओं, खेलों, स्वास्थ्य भ्रमण तथा समाज उपयोगी उत्पादन कार्यों आदि मे व्यस्त रखा जाये।

नैतिक ि ाक्षा के मूल्यांकन का आधारः

1. नैतिक ि ाक्षा के विशय की परीक्षा होगी। यह परीक्षा बाह्य होगी या आन्तिरक होगी, इसका निर्णय विभाग द्वारा किया जाये।

अन्य सुझावः

1. छठी कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा में नैतिक ि ाक्षा की पाठ्य पुस्तक के अध्ययन के लिये प्रति सप्ताह दो पीरियड दिये जायें परन्तु जहां तक कियायें का संबंध है, ये दैनिक दिनचर्या के अंग होने चाहिये।

2. निम्नलिखित कियांए प्रत्येक विद्यालय में प्रत्येक विद्यार्थी के लिये अनिवार्य होनी चाहियेः–

स्काउटिंग/गाईडिंग/कब्बिंग/बुलबूल, रैडक्रास की प्रमुख कियाएं, समाज उपयोगी उत्पादक कार्य।

कार्य विधियां/कीडांयेः–

नैतिक ि ाक्षा पाठ्य क्रम पुस्तकों के माध्यम से ज्ञान पक्ष को सुदृढ़ करेगी। यह ज्ञान तीन विधियों से दिया जायेः–

1. प्रत्यक्ष विधि– इसमें अध्यापक निर्देि ाका, माता–पिता के लिये निर्दे ा पुस्तिका तेयार की जाये। स्वास्थ्य पर भी बल दिया जाये।

2. अप्रत्यक्ष विधि– इसमें बच्चों की पाठयक्रम पर आधारित पुस्तकें होगी जो अप्रत्यक्ष से नैतिक ि ाक्षा का साधन होगी।

3. अन्य कार्य विधियां :– **नैतिक ि ाक्षा कियाओं के माध्यम से**

(क) विद्यालय के प्रांगण में, (ख

विद्यालय के बाहर खेल के मैदान में या घर में (ग) समाज में।

(क) विद्यालय प्रांगण में, प्रवे ा बालकों का अध्यापको को अभिवादन, अध्यापकों का मुख्यध्यापक को अभिवादन तथा सहपाठियों का अभिवादन। बालक अध्यापक को गुरू जी तथा अध्यापिका को दीदी जी कह कर संबोधन करें।

(ख)श्रेणी–कक्ष की स्वच्छता और व्यवस्था की और बालक ध्यान दें।

(ग) कक्षा नायक अध्यापक की देख रेख में बालकों को कक्षा से प्रार्थना सभा तक पंक्तियों मे ले जायें।

प्राथमिक कक्षाओं के लिये प्रार्थना सभा का कार्यक्रम

बच्चों में एकाग्रता लाने के लिये सबसे पहले तीन नारे लगाये जायें। एक नारा तीन–तीन बार दोहराया जाये। वे नारे निम्नलिखित नारों से चयन किये जायें:–

1. भारत माता की जय।

2. देश के अपर्ण तन–मन–धन।

3. दे ा की सेवा कौन करेगा, हम,हम,हम।

4. गूंजे धरती ओर आसमानं मानव, मानव है समान।

5. भाहीदाने वतन, जिन्दाबाद, जिन्दाबाद, जिन्दाबाद।

2. उपस्थिति:– इसके प चात बच्चों की उपस्थिति ली जाये। उपस्थिति लेने के तुरनत बाद कक्षा नायक विद्यालय उपस्थिति बोर्ड पर उपस्थिति भर जाये।

3. ई ा वन्दना:– प्रार्थना में ई ा वन्दना का गीत सामूहिक रूप से गाया जाये यदि वाद्यों का प्रयोग हो सके तो लय बनाये रखने में यह सहायक होगा। प्रार्थना के ये गीत विभाग द्वारा विद्यालयों को दिये जाये। इसमें कम से कम 10–12 गीत हो। विभाग द्वारा तैयार की गई गीत गूंजन लाभदायक होगी। इनमें से जो जो गीत अच्छे लगें वहीं प्रार्थना में बदल–2 कर बोले जायें।

4. प्रतिज्ञाः– दैनिक कार्य आरम्भ करने से पहले बालक प्रतिज्ञा लें ताकि दिनभर उनकी कार्यप्रणाली पर उसे प्रभाव रहे। प्रतिज्ञा निम्नलिखित होगीः–

मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि भारत मेरा दे ा है। सभी भारतवासी मेरे भाई–बहिन है।

मुझे अपने दे ा से प्यार है। मुझे इस पर गर्व है। मैं अपने माता–पिता, गुरूओं ओर सभी बड़ो की इज्जत करूंगा। मैं अपने दे ा और दे ावासियों के प्रति वफादार रहूंगा।

5. भाशा ि ाक्षण पाठ्क्रम में बच्चों को सरल एवं रोचक लघु कहानियां सुनाई जाये जो ि ाक्षादायक हो। इसमें तीन दिन अध्यापक बच्चों को कहानी आदि सुनायें ओर तीन दिन बच्चे कहानी या सच्ची घटना आदि सुनायें।

6. **समाचारः** अध्ययन द्वारा प्रतिदिन का मुख्य समाचार संक्षिप्त रूप मे बताया जाये।

7. भाारीरिक कियाएंः– इसमें बच्चों के उठने, बैठने चलने आदि की कियाओं की और ध्यान दिया जाये। भाारीरिक प्रभाव की और वि ोश ध्यान दिया जाये। इस प्रार्थना–सभा का समय कुल 15 दिन होगा। लेकिन थोडी सीमा तक समय घटाने बढाने में मुख्याध्यापक स्वंतत्र है। अन्त में राश्ट्रीय गीत गाकर सभा विसर्जित की जाये।

माध्यमिक उच्च तथा उच्चतर विद्यालयों के लिये प्रार्थना सभा का कार्यक्रम

1. प्रार्थना सभा का कार्यक्रम आरम्भ होने से पूर्व प्राथमिक कक्षाओं वाली बातों को कार्यान्वित करना, लेकिन इसमें कक्षा नायक भयामपट्ट की सफाई, चाक, मोडल आदिकी व्यवस्था को देखेगा।

कक्षाओं का ध्यान एकाग्र करने हेतू तीन नारे लगवाये जायें। प्रत्येक नारे तीन–तीन बार लगवाये जाये।

2. उपस्थितिः– प्रार्थना सभा में ही उपस्थिति ली जाये। कक्षा नायक द्वारा तुरनत ही उपस्थिति बोर्ड पर उपस्थिति भरी जाये।

3. ई ा वन्दनाः विभाग द्वारा सुझाई गई प्रार्थनाओं को वाद्य के साथ करवाया जाये। आका ावाणी का मास गीत गवाया जाये। यह गीत स्कूल के बच्चों द्वारा गया गयाहै। बच्चों को उन विद्यालयों का नाम भी बताया जाये जिन्होनें यह गीत गाया है।

4. प्रतीज्ञाः बच्चों द्वारा ही ली जाये।

5. ि ाक्षण पाठ्य कमः तीन दिन अध्यापक द्वारा ओर तीन दिन बच्चों द्वारा लघु वार्तायें नीति कथांये या महान पुरूशों की जीवनी संस्मरण सुनाये जायें।

आज के विचार पर बल दिया जाए। यह भी तीन दिन अध्यापक दें और तीन दिन बच्चें सुझायें और यह विचार विद्यालय के भयामपट्ट पर भी लिखा जाए। समाचार सुनायें जाएं ओर उनसे सम्बधिन्त स्थान मानचित्र पर दिखायें जाये ।इन समाचारों का रिकार्ड भी रखा जाये।

सामुहिक गोश्ठीः यह बैंड या ड्रम द्वारा करवाई जाये। सभी अध्यापक इसमें उपस्थित हों।

व्यक्तिगत स्वच्छताः इस और भी वि ोश ध्यान दिया जाये सप्ताह में दो बार अध्यापक निरीक्षण करें तथा गणवे । निरीक्षण भी किया जाये।

1. बाल सभा

2. सदन प्रणाली

3. भिति पत्रिका स्कोल बुक, एलबम

4. आपके सवाल हमारे जवाब

5. माता पिता अध्यापक संघ

6 .सांस्कृतिक प्रतियोगितांए (भाशण, चित्रकला, संगीत, कविता

एकांकी)

7 .खेल प्रतियोगिताएं

8 .महापुरूशों क`वचन तथा चित्र परिचय

9 .कक्षा नामावली

10. समय सारणी

11. दैनिवली

12. मुक्ताखरी

13. अन्ताधरी

14. प्र न मंच

15. सामाजिक उत्पादक कोर्स

16. सहभांग

17. रूपचि अनुकूल कार्य

18. नायक ि ाविर

19. एन0सी0सी0, स्काउंटिंग, रैडक्रास

20. मातृपितृ सम्मेलन

21. दूसरे स्थानों की यांत्राए

नैतिक ि ाक्षा पाठ्य क्रम रूप रेखा

प्रथम कक्षा

अभिवादन करना, प्रार्थना में खडे होना, पंक्ति में चलना, स्थिति, भैया बहन का भाब्द प्रमुख आज्ञायें, स्वच्छता, सावधान स्थिति, जो भाब्द का प्रयोग खडे होकर सावधान स्थिति में आकर उत्तर देना, अपना कार्य स्वयं यथा स्थान रखना।

व्यवस्था प्रियता वस्ता गण्वे ा, अपना स्थान कक्षा ि ाश्टाचार 'आप' भाब्द का प्रयोग, दो व्यक्तियों को वार्ता में न टोकना, प्रयोग में ला कर वस्तु को यथास्थाना रखना, दूसरों से कोई खाने की वस्तु न मांगना आदि। प्रातः उठकर माता पिता को प्रणाम करना या चरण छूना, प्रातः नितय कार्य करना जैसे दातुन आदि, खाने से पूर्व हाथ धोना, दैनिक स्नान करने का अभ्यास संसपूर्ण प्रार्थना वर्श में चार ि ा ु गीत अभिनय के साथ याद करना, मनोरंजन कियाएं (जैसे नाटक, गीत, नृत्य आदि) विद्यालय में सहयोग।

द्वितीय कक्षा

पिछली कक्षा की सदाचार की बातों का अभ्यास दृढ़ करना, सभा पालन, स्वच्छता (वे ा, व्यता, पुस्तके आदि) के प्रति ध्यान, मृदु भाशण, सत्य भाशण, बिना पूछे किसी की वस्तु न लेना। सम्पूर्ण प्रार्थना को भाुद्ध उच्चरण सहित कंठ कराना, वर्श में चार गीत याद करवाना। ई वर, भक्ति, मातृ पितृ भक्ति, गुरू भक्ति, परोपकार की निम्नलिखित कहानियां सुनानाः—

1. ई वर भक्ति, प्रहलाद।

2. मातृपितृ भक्ति, श्रवण कुमार।

3. गुरू भक्ति, ि ावाजी द्वारा सिंहनी का लहू लाना, उप–मन्यु, आरूणी।

4. परोपकार एवं वीरता रजितदेव भारत के वीर बालक।

5. चरित्र परिचय (महान पुरूश) मनोरंजन कियाएं।

तृतीय कक्षा

पूर्व कक्षाओं का पुनर्स्मरण, विद्यालय के नियम, घर में व्यवहार के नियम, सत्य बोलना, समय पालन, स्वच्छता, दीन दुखियों पर दया, ई वर भक्ति, मित्र प्रेम, जीवों/प्राणियों के प्रति दया की कहानियां सुनाना तथा सम्पूर्ण वर्श में चार गीत याद कराना तथा कविताएं, दस ि ाक्षाप्रद दोहे याद करना। ई वर भक्ति, मीरा गुरू नानक।

मित्र प्रेम : कृश्ण सुदामा, ई वर चन्द्र विद्यासागर।

प्राणियों पर दया: बुद्धदिलीप।

सत्यप्रेम : हरि चंद्र, गांधी जी।

व्यवहार कु ालताः पंचतन्त्र की कहानियां, मनोरंजन कियाएं।

याद करना : चार गीत/कविताएं याद करना, दस दोहे।

चतुर्थ श्रेणीः

पूर्व कक्षा की बातों का पुनर्स्मरण, अतिथि, पास पड़ौस, सड़क, बाजार में व्यवहार के नियम, भोजन के नियम मान बिन्दुओं (सन्यासी, धार्मिक, मातृ भुमि, ग्रन्थ गाथा और गंगा आदि) के प्रति जागृत करना, आद र्ा महिलाएं :– सीता आद र्ा, पुरूश भरत, हनुमान, भजन संक्षिप्त रामायण, कथा रामायण, व महाभारत के प्रसंग, भारत मानचित्र परिचय में प्रमुख धार्मिक सीमाओं का ज्ञान, मनोरंजन कियाएं दोहे व चौपाईयां, चार गीत याद करना। पंचतन्त्र की कहानियां, वीर सैनिक अर्जून पुरस्कार विजेता आदि के प्रेरक प्रसंग।

पंचम कक्षा

पूर्व कक्षा का पुनर्स्मरण, सत्य, ईमानदारी, बड़ो की आज्ञा का पालन, निडरता अनु ाासन, दूसरों की भलाई करनाअ दि सदगुणों का महत्व व उदाहरणों से बताना कर्मवाद का सरल भाब्दों मे उदाहरण देकर बताना। दे ा भक्त व ध्येय निश्ठा जागरण हेतू खन्डों बलाल, महाराणा प्रताप, गुरू पुत्र बन्दा वैरागी, भामा ााह आदि का जीवन चरित्र सुनना। महाभारत के प्रेरक प्रसंग, भारत मानचित्र परिचय में नदियों, पर्वतों, पुरियों की

जानकारी मनोंरजन कियाएं, चार गीत याद करवाना, पंचतत्रं की कहानियां, 10 दोहे व चौपाईयों को याद करना, समस्या निदान कक्षायें, वीर सैनिक, महान अध्यापक, महान कलाकार।

ाश्ट कक्षा

1. दे ा भक्ति की पांच कवितांए/गीत कण्ठ करना।

2. दे ा भक्ति की कथाएं/प्रेरक प्रसंग (1) महाराणा प्रताप (2) सुभाश चन्द्र बोस (3) सरदार भगत सिंह (4) गोपल कृश्ण गोखले (5) गारीबाल्डी

3. ई वर भक्ति की दो कविताएं कण्ठ करना।

4. विद्यालय प्रार्थना का अर्थ समझाना।

5. धर्म ग्रन्थों का परिचय, वेद, गुरूग्रन्थ साहिब, कुरान व प्रेरक प्रसंग।

3. पितृ भक्तों की कथाएं प्रेरक प्रसंग

1. श्री राम चन्द्र

2. श्रवण कुमार

3. केसवियं का कीकथा

4. गुरू भक्तों की कथाएं

1. गुरू अमर दास, स्वामी दयानन्द

5. वीर बालक

1. वीर अभिमन्यु, दो आधुनिक वीर बालक (राश्ट्रीय पुरस्कार प्राप्ति)

6. परोपकारियों की कथाएं

1. मदर टेरेसा, फलोरैंस नाईटिंगेल

7. समाज सेवी भक्त फूल सिंह

8. मित्र एवं मातृ प्रेम की सच्ची घटनाएं

प्रताप सिंह ओर भाक्ति सिंह

9. संत महापुरूश

भगवान बुद्ध, गुरू रविदास, गोरखनाथ

10. हमारे पर्व

1. तीज

2. ि ावरात्रि

3. 15 अगस्त

11. ि ाश्टाचार की बातें

12. दिनचर्या

13. अच्छें स्वास्थय के नियम

सप्तम कक्षा

1. दे ा भक्ति/मानव प्रेम/समाज सेवा

1. कविताएं/कंठ कराना

2. प्रेरक प्रसंग

1. गुरू गोबिन्द सिंह 2. वीर सावरकर 3. चन्द्र ेखर आजाद 4. लोकमान्य तिलक

5. इफकाकुला या कोकीटी केस 6. इब्राहीम लिंकन

2. ई वर भक्ति

2. प्रेरक प्रंसग

2. कबीर, रहीम ि ाक्षाप्रद दोहे

3. धर्म ग्रन्थों का परिचय, गीता बाईबल, उपनिशद

5. घर पर दैनिक प्रार्थना करने का आग्रह आतमनिरीक्षण एवं

3. हमारे वीर योद्धा

1. अर्जुन 2. पोरस, परमवरी

4. महान विभूतियां

1. स्वामी विवेकानन्द 2. स्वामी रामतीर्थ 3. ईसा मसीह

5. हमारे दानवीर

भामा ााह

6. हमारे संत महापुरूश

1. तुलसीदास 2. सूरदास, जिमुद्दनी ओलया 3. राम कृश्ण परमहंस 4. महर्शि दयानन्द

8. हमारे दे ा की श्रेश्ठ नारियां

अहिल्या बाई, रानी झांसी, रानी लक्ष्मीबाई

10. हमारे पर्व

1. विजयाद ामी 2. दीपावली 3. 26 जनवरी, ईदुल मिनाद

11. ि ाश्टाचार की बातें

12. दिनचर्या

13. हमारा स्वास्थ्य, भोजन, व्यायाम

14. विद्यालय के नियम

अश्ठम कक्षा

1. दे ा भक्ति/मानव प्रेम/समाज सेवा

2. पांच कविताएं / गीत कण्ठ करना।

3. दे ा भक्तों की कथाएं

खण्डेवाल राम सिंह कूका 4. वासूदेव बलवन्त फड, लाल बहादूर भाास्त्री

2. दरिद्र रोगियों, एवं दुखियों की सेव ही ई वर सेवा, महात्मा बुद्ध एवं महावीर एवं महात्मा ईसा की कथाएं।

3. अमर बलिदानी

1. बंदा बैरीगी 2. माला सरदार 3. तानीजी नालपुर 4. स्वामी श्रद्धानंद

1. हमारे संत महापुरूश

1. समर्थ रामदास 2. महर्शि अरविन्द 3. स्वामी रामतीर्थ

5. धर्म ग्रन्थों का परिचय

1. गीता जातक

7. पारसी और जैनमत के धर्म ग्रन्थ के प्रेरक प्रसंग

6. हमारे वैज्ञानिक

1. सर जगदी ा चन्द्र वसु 2. सी0वी0 रमन

7. हमारे दे ा की श्रेश्ठ नारियां

1. दुर्गावती, भमिनी, निवेदिता

8. हमारे पर्व

1. होली 2. मकर सक्रांति 3.गुरू पर्व, बंसत

10. ि ाश्टाचार की बातें

11. हमारा स्वास्थ्य

12. नियमित दिनचर्या 2. आसन

12. अनु ाासन का महत्व

नवम कक्षा

1. दे ा भक्ति/मानव प्रेम/समाज सेवा

2. भारत की मौलिक एकता के आधार मूल तत्व पांच गीत/कविंताएं कंठ करवाना

2. भारत के सांस्कृतिक निर्माणकर्ता

1. योगे वर श्री कृश्ण 2. बुद्ध मानव प्रेम 3. भांकराचार्य (सत्य की खोज और उसकी पहचान, राश्ट्रीय एकता)

4. अमर बलिदानी–मदन लाल ढींगरा

7. हमारा स्वास्थ्य

1. ब्रह्मचार्य का महत्व 2. आसन 3. ध्यान

6. मानवीय गुण

अहिसां, सत्य, अस्तेय, ब्रह्माचार्य, ओर अपरिग्रह

द ाम कक्षा

1. दे ा भक्ति/मानव प्रेम/समाज सेवा

1. भारत प्रांतों की भाशाओं का परिचय

2. भारतीय संस्कृति की वि ोशताएं

4. कविताएं कंठ कराना

5. भारत के सांस्कृतिक निर्माणकर्ता, भक्ति भाव, चैतन्य महाप्रभुं, अमीर खुसरो

6. हमारे सांस्कृतिक प्रतीक

7. हमारा स्वास्थ्य

आसन, प्राणायाम एवं ध्यान पर विस्तृत चर्चा एवं अभ्यास का आग्रह

8. नियम, संतोश, कर्मठता,स्वास्थय सुचिता।

श्री मूलचन्द जैनः स्पीकर साहब, जो स्टेटेमैंट मिनिस्टर साहब के द्वारा इस हाउस के पटल पर रखी गई है । उससे साफ जाहिर होता है कि इस कमेटी की एक मीटिंग 14–1–80 को हुई और दूसरी मीटिंग 3–2–81 को हुई। क्या मंत्री महोदय यह बताने

का कश्ट करेगें कि जब पहली मीटिगं के बाद दूसरी मीटिंग काफी देर के बाद हुई ओर बीच में समय काफी था, फिर भी इस कमेटी की रिकमैन्डे ान फाईनल न होने के क्या कारण हे तिा इन्हे कब तक फाईनल कर देगें?

चौधरी देस राजः स्पीकर साहब, हमारी पहली मीटिंग 14–1–80 को हुई, दूसरी 3–2–81 को रखी गयी, उसके बाद एक मीटिग हमने कुरूक्षेत्र में रखी ओर फिर 10–3–81 को एक मीटिंग दिल्ली में एन.सी.ई.आर.टी. में हुई और मई, 1981 में इसी प्रकार की मीटिंग ि ामला में रखी है। मैं यहां हाउस में यह बताना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में किसी भी स्टेट में इस तरह का प्रोग्राम नहीं हैं हरियाणा पहली स्टेट है जहां पर स्कूलों में मौरल ऐजुके ान का प्रोग्राम स्लेबस में रखा गया है। हमने 1–4–81 से हर स्कूल मं यह स्लेबस चालू करने का प्रोग्राम बनाया है।(ाोर एवं व्यवधान)

श्री मूलचन्द जैनः स्पीकर साहब, यह जो सब कमेटी बनाई गई है उसमें मैने देखा है कि स्कूलों के टीचर्ज, हैडमास्टर्ज, ि ाक्षा अधिकारी , सहायक निदे ाक वगैरह–2 को इस सब–कमेटी की मीटिंग में बुलाया गया था। मैं आपके द्वारा उनसे यह पूछना चाहता हूं कि चूंकि यह बडा अहम मसला है, क्या सरकार इस सब–कमेटी में हाई लेवल के अधिकारियों को लेने का विचार रखती है तथा क्या इस कमेटी में नान–आफि ियल्ज को भी लेने का सरकार का विचार है?

चौधरी देस राजः स्पीकर साहब, इस कमेटी में उप–निदे ाक, सहायक निदे ाक, डी.ई.ओज तक लिये गये है फिर भी बाबू मूलचन्द जैन जैसा सुझाव देगें, उस सुझाव का हम स्वागम करेगें।

स्वामी अग्निवे ाः स्पीकर साहब, सबसे पहले तो मैं बाबू मूलचन्द जैन, जिनका प्र न था ओर दूसरे मंत्री महोदय का जिन्होने इस नैतिक ि ाक्षा की तरफ ध्यान दिया है, धन्यवाद करता हूं क्योंकि उन्होने इस समस्या को काफी हद तक सुलझाया है। हरियाणा के स्कूलों में गन्दा पाठ पढा कर लडकों मे गलत प्रचार किया जा रहा हैं आद र्ा गुरू द्रोणाचार्य के नाम का संस्कृत में एक पाठ स्कूलों में पढाया जा रहा है। उन्होने एक आदिवासी लडके को अपना ि ाश्य बनाया था और उसे पूरी ि ाक्षा दी थी और बाद में उन्होने गुरू दक्षिणा के नाम पर उसका अगुंठा मांग लिया था। इस कहानी को लेकर स्कूलों में ि ाश्यों में उल्टा प्रचार अध्यापकों के प्रति किया जा रहा है।

श्री अध्यक्षः स्वामी जी, आप अपना सवाल पूछिये।

स्वामी अग्निवे ाः अध्यक्ष महोदय, मेरा सवाल यह है कि यह जो पाठ गुरू दक्षिणा के नाम से स्कूलों मे पढाया जा रहा हे क्या वह पाठ्य पुस्तकों मे से निकाला जाएगा?

चौधरी देसराजः अध्यक्ष महोदय, स्वामी जी का सुझाव हमारे पास आया हैं हम उसे अव य कंसिडर करने की कोि ा ा करेगें और जो कोर्सिज गलत होगें, उनको निकाला जाएगा।

चौधरी हरिचन्द हुड्डाः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से आपकी मारफत यह पूछना चाहता हूं कि यह जो सब–कमेटी बनाई जा रही है, या कमेटी बनाई गई है, देखने की बात है कि इस कमेटी में जितने मैंबर है, उनका कितना मौरल है?

श्री अध्यक्षः यह कोई सवाल नहीं है।

चौधरी गंगा रामः अध्यक्ष महोदय, मै मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या उनकी गवर्नमेंट के कोई ऐसा प्रस्ताव विचारधीन है कि आगे आने वाला जो भी मुख्यमंत्री होगा, वह कम से कम दो–तीन साल तक नैतिक ि ाक्षा को लेकर मुख्यमंत्री बनेगा? (हंसी)

श्री अध्यक्षः जैटंलमैन, क्वै चन आवर में थोडी बहुत लाइट वेन में तो बात हो सकती है उसको तो मैं माइंड नहीं करता लेकिन चौधरी गंगा राम के क्वै चन पर मैं स्ट्रौंग आब्जैक ान लेता हूं। आप लोग कम से कम कुछ स्टैडर्ड तो रखिये।

श्री भले रामः मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि स्कूलों के बच्चों को जब मौरल ि ाक्षा दी जाएगी, क्या उसके लिये वर्तमान अध्यापक ही होगें या और अध्यापक लगाये जांएगे?

चौधरी देस राजः अध्यक्ष महोदय, टीचर तो वही होगें जो इस समय हैं लेकिन हम गुड़गांव के ट्रेनिंग सैन्टर में ट्रैनिंग देकर और भी ट्रेन्ड टीचर लगाएंगे।

श्री मूलचन्द जैनः स्पीकर साहब, मिनिस्टर साहब ने कालेज ऐजूके ान के बारे मै एक खास जवाब दिया हे कि कालेज ऐजूके ान के लिये कोइ कमेटी मुकर्रर नहीं की गई। क्योंकि जब इन्होने यह स्कीम लागू करनी है तो इनको बाद में भी कालेज ऐजूके ान के लिये कमेटी बनानी पडेगी तो क्या अभी कालेज ऐजूके ान के लिये भी कोई कमेटी बनाने की सोचेंगे?

चौधरी देस राजः स्पीकर साहब जहां तक कालेज ऐजूके ान का ताल्लुक है यह यूनिवर्सिटीज के अन्डर आती है। यूनिवर्सिटीज पर हम प्रै ान नहीं डाल सकते बल्कि उनको प्रोपोजल भेज सकते है।

श्रीमती सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, जवाब के साथ मंत्री महोदय ने एक सिलेबस रखा है उसमें प्रार्थना सभा की आईटम में कुछ प्रतिज्ञा की बातों के बारे मे कहा गया है। मैं जानना चाहती हूं कि वे कौन –2 सी प्रतिज्ञा करेगें। उसमें एक बात यह भी कही गई है कि वे प्रतिज्ञा करेगें कि वे अपने दे ा और दे ावासियों के प्रति वफादार रहेगे। तो क्या इसमें यह भी भाामिल करेगें कि मैं जिस पार्टी से चुना जाउंगा उसके प्रति वफादार रहूंगा? (ाोर)

श्री अध्यक्षः जो लिखी गई है यह प्रतिज्ञा बहुत अच्छी है। जो आप सजैस्ट कर रही है वह भाायद अच्छी नहीं रहेगी। (हंसी)

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, कालेज ि ाक्षा के बारे में इनहोने फरमाया कि यह वि ववविद्यालयें के अन्डर आती है ओर उनको हम केवल सुझाव ही भेज सकते है। मैं आपके द्वारा जानना चाहूंगा कि क्या इन्होने अभी तक किसी हरियाणा की यूनिवर्सिटी को लिखा है कि यह चीज इन्ट्रोडयुस की जाए?

चौधरी देस राजः पहले हम ऐक्सपैरिमेंट बेसिज पर इसे स्कूलों में लागू करना चाहते है। अगर इसमें हमें कामयाबी मिली, तो हम यूनिवर्सिटीज को भी लिखेगें।

श्री मूलचन्द जैनः स्पीकर साहब, इस सारे प्रोग्राम के लिये पुस्तकों का लिखा जाना बहुत जरूरी है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इस किस्म की पुस्तकें लिखवाने के लिये अब तक क्या कार्यवाही की गई है?

चौधरी देस राजः ऐसी पुस्तकें हम एस0सी0ई0आर0टी0 और एन0सी0ई0आर0टी0 दोनों से लिखवाते है।

Water Supply Scheme in Panipat Teshil

***2064. Chaudhri Satvir Singh Malik:** Will the Minister for Food and Supplies be pleased to state the date on which water supply scheme at village Khurana and Naultha in

thesil Panipat was sanctioned together with the time by which the work on the said schemes is likely to be started?

Food & Supplies Minister (Shri Lachman Singh): The Scheme was administratively approved on 25-6-79, but no funds have been allocated. No definite date can be given as it depends upon the allocation of funds by the State Sanitary Board.

चौधरी सतवीर सिंह मलिकः क्या मंत्री जी बतायेगें कि जब पहले इनके पास पब्लिक हैल्थ का महकमा था तो सैनेटरी बोर्ड ने इन स्कीमों के लिये पैसा ऐलोकिट किया था लेकिन चौधरी भजन लाल के मुख्य मंत्री बनने के बाद वह ऐलोके ान खत्म हो गई , इसका क्या कारण है?

श्री उप–मंत्री (चौधरी लाल सिंह): स्पीकर साहब, 25–6–79 को सैनेटरी बोर्ड से मंजूरी मिल गई थी परन्तु अभी रा ि ा नही मिली। सरकार पहले प्रौब्लम विलेजिज को पानी देना चाहती है। (हंसी)

श्री लछमन सिंहः स्पीकर साहब, नौलथा हल्के में 61 गांव है ओर उनमें से 9 प्रोब्लम विलेजिज है। सात गांवो में काम चालू है सिर्फ दो गांव बाकी रहते है। इसमें कोई भाक नहीं कि पहले मैनें इसके लिये सैक ान की थी लेकिन मैं इसका मुकम्मल करूंगा। जैसे ही हमारे पास फंडज अवेलेबल होगे हम काम स्टार्ट करवा देगें।

चौधरी सतवीर सिंह मलिकः स्पीकर साहब, अभी मिनिस्टर साहब ने कहा कि फंडज की कमी है। मैं इनसे जानना चाहता हूं कि पहले जब मंजूरी हूई थी उसके बाद और कितनी स्कीमें मंजूर हुई और उनके लिये पैसा कहां से आया?

श्री लछमन सिंहः स्पीकर साहब, स्कीमें तो चलती ही रहती है। इनके हल्के में भी काम हो रहा है। इस बारे में या तो ये मेरे दफतर में आकर देख लें कि ओर कौन–कौन सी स्कीमों पर काम चल रहा है या अलग से नोटिस दे दें।

श्री गुलजार सिंहः स्पीकर साहब, मंत्री जी ने बताया कि इनके हल्के में प्रौब्लम विलेजिज है। मैं इनसे प्रौब्लम विलेज घोशित करने का काईटेरिया जानना चाहता हूं। इसके अलावा मेरे हल्के में 40 गांव है जो सभी प्रोब्लम विलेजिज है। क्या मंत्री जी उनके बारे में भी ध्यान देगें?

श्री लछमन सिंहः प्रौब्लम विलेज का काइटेरिया यह है कि जहां से पानी का फासला 1.6 किलोमीटर का हो, वहां खारा पानी हो और दूसरी सेहत की खराबी की चीजें उसमें मौजूद हो वह प्रोब्लम विलेज में आ जाता है। जहां तक इनके हल्के के गांवों का सवाल है, इन्होने इस बारे में कभी लिखकर नहीं दिया है और न ही कोई सवाल किया है। ये अलग से सवाल पूछगें तो जवाब दे देगें।

Connecting of villages inm the State with Bus Service

***2090. Chaudhri Ishwar Singh:** Will the Minister for Transport be pleased to state-

